शिव जी के भजन-लगन निकाले नारद बाबा

https://www.chalisa.online

लगन निकाले नारद बाबा,
देख गौरी के हाथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

मुश्किल से दूल्हा हुए है राजी,
बीच मे माने न गौरा के माँ जी,
मेरी बेटी कभी न देगी,
शिव के हाथ में हाथ,

गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

अपने तो औघड़ भंगिया चबाये,
पारबती को यहां भूखे सुलाए,
क्या खाएगी वहाँ पे गौरी,
पके न रोटी भात,

गौरी की शादी है
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

जीवन भर गौरी भाँग पिसेगी,
फुटि किस्मत पे अपनी माँ को कोसेगी,
मर जाएगी साथ में इनके,
हो जाऊंगी अनाथ,

गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

शिव ने जब सुंदर रूप बनाया,
तब जा के दूल्हा को मण्डप में लाया,
'फणि' भक्त सब नाचो गाओ,
जब जब हो शिवरात,

गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

लगन निकाले नारद बाबा,
देख गौरी के हाथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ,
गौरी की शादी है,
भोले बाबा के साथ

|| https://www.chalisa.online ||